## SECTION A
## LANGUAGE - 40 Marks

1. Write a composition of 400 words approximately on ONE of the topics given below : (15)
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 400 शब्दों में लेख लिखिए-

(a) किसी क्षेत्र (राष्ट्र) में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत करने के लिए एक जनभाषा का होना आवश्यक है" - विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(b) नौकरी करने वाली नारी ,आदर्श नारी हो सकती है ।

(c) आज के युग में टूटते परिवार ।

(d) एक संगीतकार की जीवन उपलब्धियां ।

(e) स्वच्छ भारत अभियान (सफलताएँ तथा असफलताएँ) ।

(f) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर मौलिक कहानी लिखिए-

(i) "यह मेरे जीवन का सबसे अधिक आनन्दमय दिन था।"

(ii) कोई वीरता और साहसपूर्ण रचना ।

2. Read the following passage and briefly answer the questions that follow : (15)
निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर अन्त दिये गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए :-

विश्वबन्धुत्व का उद्घोष करने वाला भारत महान् है। इसकी संस्कृति महान् है। अपनी उदारता और लचीलेपन के कारण ही भारतीय संस्कृति की अजस्र धारा अनवरत रूप से सहस्रों वर्षों से निर्बाध बह रही है, जबकि पुरातन मिस्र, ग्रीस, रोम और बेबीलोनिया जैसे अनेक राष्ट्र आज विस्मृति के गर्त में समा गए, अपनी पुरानी संस्कृति खो बैठे। इतिहास साक्षी है कि हजारों वर्षों से अनेक जातियाँ भारत में आईं, अनेक धर्मों के मानने वाले लोग आए और यहाँ के होकर रह गये। कुछ जातियाँ तो भारतीय समाज में सदा के लिए घुल-मिल गयीं और कुछ आज भी भारत में सम्मानित नागरिक के रूप में अपने-अपने धर्मों, मत-मतान्तरों पर चलते हुए यहाँ भाई-भाई की तरह रह रही हैं। हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई और पारसी आदि का मेल पारस्परिक भाईचारे का जीता जागता उदाहरण है। ISC Class 12 Hindi Sample Paper 2024

यह भारतीय संस्कृति की उदारता ही है यहाँ अनेक धर्मों और भाषाओं के बीच भी राष्ट्र की अखण्डता बनी हुई है। यह एक ऐसा चमन है जहाँ रंग-बिरंगे फूल महकते हैं। एक ऐसा राष्ट्र है जहाँ अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं। अपने लचीलेपन के कारण ही भारतीय संस्कृति अन्य धर्मों एवं जातियों के भी मूल्यवान तत्त्वों को ग्रहण करती हुई सतत विकासशील है।भौतिकता के इस युग में विज्ञान की चकाचौंध में भटकती हुई मानवता की आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करने वाले भारतीय संस्कृति के पुजारी स्वामी विवेकानन्द कहा करते थे-"प्रत्येक राष्ट्र की एक संस्कृति होती है, एक जीवन दर्शन होता है, एक उद्देश्य होता है, एक सन्देश होता है, और उसका प्रचार-प्रसार उसका जीवन-कार्य होता है। जब वह राष्ट्र अपना जीवन-कार्य पूरा करने में असमर्थ होता है, तो विनष्ट हो जाता है, अपना अस्तित्व खो बैठता है। हम जानते हैं कि सहस्रों वर्षों से अपने इस पुरातन राष्ट्र का अस्तित्व है। ऐसा क्यों है ? हम लुटेरे या युद्धप्रिय नहीं हैं। हम में क्षात्रवृत्ति है, परन्तु यह सर्वविदित है कि हम आक्रान्ता नहीं हैं। हमने संसार में तलवार के बल पर अपने तत्वज्ञान का, अपने धर्म का प्रसार कभी नहीं किया। गौतम बुद्ध के शिष्यों ने दूर-दूर तक परिभ्रमण कर अहिंसा और प्रेम के पावन सिद्धान्तों का प्रचार किया। गौतम बुद्ध के शिष्यों से भी बहुत पहले भारत के सन्त-महात्मा और मनीषी विश्व के कोने-कोने में गये थे, परन्तु उन्होंने वहाँ अपने सिद्धान्तों का प्रचार तलवार के बल पर नहीं किया। सच तो यह है कि हमारा उद्देश्य आक्रामक कभी नहीं रहा कि हम दुनिया को तलवार के बल पर अपने कदमों में झुकाएँ।"

(a) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(b) भारतीय संस्कृति की कौन-सी विशेषताएं हैं जिनके कारण वह निरन्तर विकासशील है ?

(c) इतिहास किस बात का साक्षी है ? इससे हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

(d) स्वामी विवेकानन्द क्यों प्रसिद्ध हैं ?

(e) 'हमारा उद्देश्य आक्रामक कभी नहीं रहा।' इस कथन के पीछे उनके क्या तर्क रहे हैं ?

3. (a) Correct the following sentences : (5)

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(i) उसका आँख बहुत बड़ा है ?

(ii) जो लड़कों ने परिश्रम किया, उन सफल रहे।

(iii) आपके घर में कौन-कौन रहता है।

(iv) आप बोले, "हम कल जाएगा।"

(v) गीता ने गर्म चाय पिया और ठण्डा रोटी खाई ।

(b) Use the following idioms in your sentences : (5)

निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए कम है।

(i) अँगूठा दिखाना ।

(ii) आँखों का तारा।

(iii) उँगली पर नचाना।

(iv) उल्टी गंगा बहाना।

(v) खाला जी का घर ।

**SECTION B**

**PRESCRIBED TEXTBOOKS - 40 Marks**

**Answer four questions from this Section on at least three of the prescribed textbooks.**

**Question 4**

**Question - 4**

"यात्रियों में फिर जान में जान आई . सबने उसे धन्यवाद दिया .ड्राइवर से माफ़ी माँगी और बारह बजे से पहले ही सब लोग बस अड्डे पहुँच गए ."

i.यात्रियों को किस प्रकार अपनी जान संकट में प्रतीत हुई थी ? (1)

ii.ड्राइवर से माफ़ी क्यों माँगी गयी ? (2)

iii.किसका धन्यवाद किया और क्यों ?(2)

iv.प्रस्तुत प्रसंग से लेखक ने क्या सन्देश दिया है ?(5)

**Question - 5**

तुमने इस घर को लाख अपने खून से सींचा हो पर यह घर कभी तुम्हारा अपना नहीं हो सकता है .तुम यहाँ हमेशा आउटसाइडर ही रहोगी .मम्मी का यह कथन पुरुष प्रधान समाज में नारी के दोयम दर्जे को प्रदर्शित करता है .स्पष्ट कीजिये . (10)ISC Class 12 Hindi Sample Paper 2024

**Question - 6**

नाम का विरोधाभास लेकर जीने से लेखिका का क्या आशय है ? लक्ष्मी को भक्तिन नाम किसने दिया है और क्यों ? भक्तिन को लेखिका ने कवित्वहीन क्यों कहा है ? (10)

**Question - 7**

मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायौ ।
मोसौ कहत मोल कौ लीन्हौ, तू जसुमति कब जायौ ?
कहा करौं इहि रिस के मारैं खेलन हौं नहिं जात ।
पुनि-पुनि कहत कौन है माता को है तेरौ तात ॥
गोरे नंद जसोदा गोरी, तू कत स्यामल गात ।
चुटुकी दै-दै ग्वाल नवावत, हँसत, सबै मुसुकात ॥
तू मोही कौं मारन सीखी, दाउहि कबहुँ न खीझै ।
मोहन-मुख रिस की ये बातैं, जसुमति सुनि-सुनि रीझै ॥

i. प्रस्तुत पद्यांश में कृष्ण किसकी शिकायत माँ से कर रहे हैं ? (1)

ii. सूर की भक्ति का परिचय दीजिये (2)

iii. 'कहा करौं इहि रिस के मारैं खेलन हौं नहिं जात' पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिये (2)

iv. सूरदास ने अपने काव्य में कृष्ण की बाल लीलाओं का सजीव वर्णन किया है ,उदाहरण सहित लिखिए .(5)

**Question - 8**

सिद्ध कीजिये कि जाग तुझको दूर जाना है - शीर्षक कविता एक प्रेरणा गीत है .(10)

**Question - 9**

बादल को घिरते देखा है ' शीर्षक कविता में प्राकृतिक सौन्दर्य का अनुपम चित्रण हुआ है .इस कथन की व्याख्या कीजिये .(10)

**Question - 10**

"क्यों रे समर ,तूने तो शायद दस तारीख से काम करना शुरू किया था ?'

i. उक्त कथन का वक्ता कौन है ? उसने श्रोता की बातें सुनकर वक्ता ने किस प्रकार अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की ?(1)
ii. श्रोता ने इसका जबाब दिया ? श्रोता की बातें सुनकर वक्ता ने किस प्रकार अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की ?(2)
iii. क्या आपके विचार से वक्ता की प्रतिक्रिया उचित थी ? यदि आप वक्ता की जगह होते ,तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होती ? तर्क सहित उत्तर दीजिये .(2)
iv. उस वक्त श्रोता की मन स्थिति कैसी थी ? उसकी इस मनस्थिति का क्या कारण था ? क्या वह परिस्थिति जन्य थी या उसका स्वभाव ही ऐसा था ? समझाकर उत्तर दीजिये .(5)ISC Class 12 Hindi Sample Paper 2024

**Question - 11**

राजेन्द्र यादव जी ने अपने विचारों तथा मान्यताओं को वाणी देने के लिए सारा आकाश उपन्यास में जिस पात्र का सृजन किया है ,वें हैं शिरीष भाई साहब .उक्त कथन को उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करते हुए शिरीष भाई साहब का चरित्र चित्रण कीजिये .(10)

**Question - 12**

मुन्नी विवाह के नाम पर पुरुषों द्वारा किये जाने वाले शोषण का ज्वलंत उदाहरण है .क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?(10)

**Question - 13**

तुम्हारे साथ उसका इतना ही सम्बन्ध है कि तुम एक उपादान हो ,जिसके आश्रय से वह अपने से प्रेम कर सकता है , अपने पर गर्व कर सकता है .परन्तु तुम क्या सजीव व्यक्ति नहीं हो ? तुम्हारे प्रति उसका या तुम्हारा कोई कर्तव्य नहीं हैं ?
i. वक्ता और श्रोता का परिचय देकर बताइए कि प्रस्तुत अवतरण किसके किस नाटक से उद्धृत है ?(1)
ii. उक्त संवाद की पृष्ठभूमि क्या है ?(2)ISC Class 12 Hindi Sample Paper 2024
iii. प्रस्तुत अवतरण में वक्ता की दृष्टि को किस प्रकार यथार्थवादी कहा जा सकता है ? सटीक उत्तर दीजिये .(2)
iv. वक्ता के श्रोता के प्रेमी के सम्बन्ध में कैसे विचार हैं ?(5)

**Question - 14**

नाटक के आधार कालिदास की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिये .(10)

**Question - 15**

नाटक के आधार पर मल्लिका की मुख्य भूमिका पर प्रकाश डालें तथा उसका चरित्र चित्रण करें .(10)